भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1455
सोमवार, 9 दिसंबर, 2024 (18 अग्रहायण, 1946, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

डिजी यात्रा सेवा

1455. श्री नीरज डांगी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में डिजी यात्रा सेवा किन-किन हवाई अड्डों पर सुचारु रूप से कार्यरत है, और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस योजना के अंतगर्त अन्य और हवाई अड्डों को जोड़ने की योजना बना रही है, यदि हां तो हवाई अड्डा-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक डिजी यात्रा सेवा का उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या डिजी यात्रा ऐप के उपयोगकर्ताओं का व्यक्तिगत डेटा सुरक्षित है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): वर्तमान में, डिजी यात्रा 24 हवाईअड्डों पर उपलब्ध है। इसके अलावा, इसे चरणबद्ध आधार पर देशभर के हवाईअड्डों पर आरंभ किया जाना है। डिजी यात्रा द्वारा कवर किए गए हवाईअड्डों की सूची अनुलग्नक में दी गई है। डिजी यात्रा के शुभारंभ के बाद से, 80 लाख से अधिक हवाई यात्रियों ने डिजी यात्रा एप्लीकेशन डाउनलोड की है, और डिजी यात्रा सक्षम हवाईअड्डों पर इसका उपयोग 4 करोड़ से अधिक बार किया गया है। डिजी यात्रा में उचित डेटा सुरक्षा प्रदान करने के लिए, डिज़ाइन/डिफ़ॉल्ट रूप से, यात्री की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) डेटा का कोई केंद्रीय स्टोरेज नहीं है। सभी यात्री डेटा एन्क्रिप्टेड है और यात्री के स्मार्टफोन वॉलेट में संग्रहित होता है और इसे केवल मूल हवाईअड्डे के साथ सीमित समयावधि के लिए साझा किया जाता है जहाँ यात्री को आईडी की पुष्टि करनी होती है। उड़ान के प्रस्थान के 24 घंटे पश्चात डेटा को सिस्टम से हटा दिया जाता है।

अनुलग्नक

डिजी यात्रा सक्षम हवाईअड्डों की सूची

क्रम संख्या	हवाईअड्डे का नाम
1	इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, नई दिल्ली
2	केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बेंगलुरु
3	लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, वाराणसी
4	चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, लखनऊ
5	राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, हैदराबाद
6	नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोलकाता
7	बागडोगरा हवाईअड्डा, बागडोगरा
8	पुणे अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, पुणे
9	छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, मुंबई
10	विजयवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, विजयवाड़ा
11	विशाखापत्तनम हवाईअड्डा, विशाखापत्तनम
12	कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोच्चि
13	सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद
14	लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी
15	जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
16	चैन्ने अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, चेन्नई
17	कोयंबटूर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोयंबटूर
18	मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, गोवा
19	डाबोलिम हवाईअड्डा, गोवा
20	देवी अहिल्या बाई होल्कर हवाईअड्डा, इंदौर
21	बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भुवनेश्वर
22	जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, पटना
23	स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, रायपुर
24	बिरसा मुंडा हवाईअड्डा, रांची

****